मन उवाच ॥

दोहा।

शोक वेग दूपतभयो, देवी चीत हमार ॥
व्है विवेक सुठौर नाहिं, मेरे चीतमझार ॥ ८८ ॥

सरस्वती उवाच ॥

चौपाई।

पूत सनेह दोपहैं भारी। जाते होइ अनरथ विकारी ॥
विपवलीवीजन सम जानो। करे कलेश अंतको मानो८९॥
सुत अरु नारी प्यारे जान। कीजे तहाँ सनेह महान॥
वज्र अग्नि जाके उर अंतर। उपजे वेगदूपके अंकुर ॥ ९० ॥

दोहा।

ताते शोक अनेक द्रुम, उपजे जगतमझार ॥
दूप अनल तनदाहकर, करे चीतको छार ॥ ९१ ॥

मन उवाच ॥

दोहा।

देवी यदपि ऐंवहे, तदपि शोक सुभार ॥
मेउर अंतरको दहे, सकौनप्राणसुधार॥ ९२ ॥
सरस्वती तें पदकंज जो, जीवनको सुखदैन ॥
भलाभया प्राणांतमे, सो पेखे निजनैन ॥ ९३ ॥

सरस्वती उवाच ॥

दोहा।

यह इक और अकाज सुत, चाहतहै वसमोह ॥
जो आत्म निज हननको, कीनो निश्चे तोह ॥ ९४ ॥

सोरठा।

जेनहे पूत प्रबोध, उपनिपतसु विवेक मिल ॥
साधन वडो निरोध, जीवनमुक्तिसु होइगी ॥ १६३ ॥

इति श्रीमन्मानसिंहचरणशिक्षित गुलाबसिंह विरचिते प्रबोधचन्द्रोदयनाटके वैराग्यो नाम पञ्चमोऽङ्कः समाप्तः ॥ ५ ॥

---

(१) यह षष्ठमअङ्कका बीजहै ॥

इति श्रीमदुदासीनवर्य्ये परमानंदशिष्य गुरुप्रसादविरचिता प्रबोधचंद्रोदयनाटक पञ्चमांऽकटिप्पणिका समाप्ता ॥ ५ ॥



चौपाई।

काम सुलोभादिक सुत जेते। अति अपकारी जानो तेते॥
इनहित संचो कीजे जोई। करे अनरथ अंतको सोई ९५॥
संचेहित जन अतिदुःखपाए। कामलोभ वहुपाप कमाए॥
लोभ जन्ने उरमें हुलसाए। नदी अनेक सुगहन तराए ९६॥
अतिऊचे पुन सैल चढाए। कानन घोरमाहि भरमाए॥
धनमदमलनक्रुर मुख राजे। खडो कराए तिह दरवाजे९७॥
भने क्रुर भूपति मदभीने। हाथजुराइ करावत दीने॥
यों अपकारी तें सुत जेते। तांहित लहें कलेश सुएते ९८॥

मन उवाच॥

चौपाइ।

है योंही ज्यो मुखो वखाने। तदपि मे दुख और न जाने॥
तिनके ललत वोल रिदहारी। चिरंकाल रिदमाहि चितारी९९
मनोप्राणको होइ विछेदा। याविध मैं पावों उर खेदा॥
याविध सुनि मनकी दुखवानी। कहे सरस्वती मुखोभवानी१००

सरस्वती उवाच॥

दोहा।

ममताकी जन वासना, प्रेमसहित दृढहोई॥
तिहमूलक अतिमोहवस, दुःखपावत जन लोई॥१०१॥
ग्रहकुकटको खाइ मन, जव मंजारग्रह आइ॥
ममताके वस होइ तव, दूखघनो जन पाइ॥ १०२॥

---

(१) तुमको दुखदाई। (२) मदीयत्वाऽभिमानका नाम ममता है तिसकी जावासना कहिये सर्वदा काल वर्तणा सोई है मूल कहिहे कारणजिसका महामोहका तिसमहामोहके वस यहदोहाका तात्पपार्थ है। (३) मुरगा॥

ॐश्रीगणेशाय नमः ।

अथ षष्ठोऽङ्कः प्रारंभः ॥ ६ ॥

दोहा ।

याउपरंत सुहोयगी, जीवनमुक्ति रसाल ॥
सभामाहिं प्रवेशतव, कीनो शांति विसाल ॥ १ ॥

शांति रुवाच ॥

चौपाई ।

... पायो ॥
विवेक इम मोहि अलायो। समाचार शांतितैं
सुत कामादिकथे जेई । मुए महारणभीतर तेई ॥ २ ॥
ह विलीन वैराग्य उपाए । पंचकलेश सुदूर मिटाए ॥
न प्रशांतिकी संगति धार । ततबोध नरकरे विचार ॥ ३ ॥
म उपनिषदपास अब जावो । आदरकर तिहममढिगल्यावो ॥
ांकिहि शांति सुजब पधारी । श्रद्धा आवत ताहि निहारी ॥४॥
हृत्पद्र इम शांति उचारे । यहश्रद्धा कहुमंत्र विचारे ॥
इही ओर यह आवत नीकी । सुनो भला अब याके जीकी॥५॥

(१) [illegible] लक्षण—[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] जीवन्मुक्ति है । (२) ([illegible]) [illegible] [illegible] है, १ [illegible] [illegible] है, २ [illegible] [illegible] है, ३ [illegible] [illegible] है ४ [illegible] [illegible] है ५ ॥

ममता सून सुग्रह चटका, औ मूसाखाइ विडाल ॥
विनसनेह दुख नाहि सुत, होवत हर्ष विसाल॥ १०३॥
सर्वअनरथसुवीज सुत, ममताही जगजान ॥
तां छेदनके माहि पुन, करो यतन मतीमान ॥ १०४ ॥

मन उवाच ॥

चौपाई।

मेतनते सुतथे उपजाए। कुकटमूसासम किम गाए॥
ताको नास जने दुःखभार। कहे सरस्वती वहुर विचार१०५

सरस्वती उवाच ॥

चौपाई।

यातनते यूका उपजाए। औ त्रणकृमी नहिजात गिनाए॥
यतन सहित ताको नरखाए। दूख न रंचक मनमै पाए१०६॥
यूका कृमि सुत होइ समान। एकनको उर जान संतान॥
महामोह एकनमै धार। मुए मूढ दुख लहे अपार १०७

मन उवाच ॥

चौपाई।

तम अज्ञान ग्रन्थहै जोई। दुहउछेद जानो मैसोई॥
सरस्वती तूं सर्वज्ञ उदार। लोकनमै जस आहितुमार१०८
निरंतर कीनो दृढ अभ्यास। सनेह सूतजीवनको फास॥
जाते फास इहै तुटिजाइ। देवी कहो सुमोहि उपाइ १०९॥

दोहा।

श्रद्धा तवे प्रवेशकर, कीनो इहै विचार ॥
नैनसुधा पूरतभये, भूपतिकुलहि निहार ॥ ६ ॥
जहांदुष्टनीकेहने, पूजेसंतसमादि ॥
वशैअनुजीवीसेव्यहै, स्वामिदेव अनादि ॥ ७ ॥
शांतिकहे अंवा सुनो, कौन सुमंत्र विचार ॥
करेचीतकहिहैंचली, मोको करो उचार ॥ ८ ॥

श्रद्धोवाच ॥

दोहा।

में विवेककेढिग चली, पठीपुरुष मतिमान ॥
पुरुषविवेक मिलाओगी, मंत्र इहै उरठान ॥ ९ ॥

शांति रुवाच ॥

दोहा।

कहो पुरुषको कौनविध, मनसों वरतन आहि ॥
काराग्रह वांधेविषे, ज्योंवरते नरनाहि ॥ १० ॥
कहो पुरुषहीं करेगो, सामराज जगमाहि ॥
अहेशांति इउहीं सुनो, ज्योंसमुझे मनमाहि ॥ ११ ॥
कैसे मायामाहि अव, देव अनुग्रह आहि ॥
निग्रह यों कहिवेरह्यो, कहें अनुग्रह काहि ॥ १२ ॥

(१) राजकुलको। (२) राजकुलमें मोहादिक। (३) वनकहिये शमादि फर्मकर अनुजीवीरहिये ईश्वरके अनुभाव है जीवना जिनोंका सो कहिये वशअनुजीवी ऐसे जे जीवहैं तिन जीवोंकर स्वामीदेवअनादि सेव्य है नाम पूज्यहै। (४) श्रद्धा कहतीहै हेशांति निग्रह ऐसा तेरेको कहना रहाथा, (उचितथा) परंतु अनुग्रहऐसे कैसाकहती है काहेतें ॥

सरस्वती उवाच ॥

चौपाई।

अनित्यसु उरमैं धारो। प्रथम उपावसु यही निहारो ॥
समागम अहेसु जोई। विजुलीचमतकारसम होई ११०

दोहा।

ऐसे उरमै धारतूं, करो सुदृढ अभ्यास ॥
होहु सुखी सुतलोकमै, कटे मोहकी फास ॥ १११ ॥

मन उवाच ॥

दोहा।

देवी तोहिप्रसादतें, नष्टभयो मम मोह ॥
पर उरमाहि संदेह इक, पूछतहो अब तोह ॥ ११२॥
तव मुखचन्दमरीचते, सुधाझरे उपदेश ॥
क्षालत मैं उर मलन पुन, हरहे शोक कलेश ॥ ११३ ॥
शोक सुमूल प्रहारको औषध जो जगहोइ ॥
तापत मैं उरमलनको, मात बतावो सोइ ॥ ११४ ॥

सरस्वती उवाच ॥

चौपाई।

कहैं मुनिश्वर सर्व विचार। मरमभेदते शोकप्रहार ॥
ताहि निवारण औषध इहै। चिंता उरमें मूल नगहै ॥ ११५॥

मन उवाच ॥

दोहा।

कह्यो तुमारो ससत्यहै, परचिंता है दुर वार ॥
चिंता चित्त डुला ईहै, ज्योंजलइंदुव्यार ॥ ११६ ॥

(१) पदार्थ। (२) फनर्यंदपदेका नाम तिथि है। (३) मर्मभेद फा...
दुःखके करनेवाले ने शोकप्रहार है ॥

माहि माया अहे, सर्वअनरथनवीज ॥
को निग्रह भलेकर, कियोचहे निरवीज ॥ १३ ॥

शांति रुवाच ॥

कारायहमै डारमन, माया निग्रहकीन ॥
कहो काहिमे अबअहे, भूपतिको उरलीन ॥ १४ ॥

श्रद्धोवाच ॥

दोहा।

नित्य अनित्य विचारमें, सदा चितपरवाहि ॥
इह अमुत्र वैराग्यजो, वही सुहृद सुआहि ॥ १५ ॥
मंत्री अहे यमनेमही, सम दम सखा सुजान ॥
मैत्री करुणादिक सभे, यही ग्रहदासी मान ॥ १६ ॥
है मुक्तेच्छा सहचरी, भये पुरुष वलवंत ॥
ममता मोह संकल्पसह, हने कृपा भगवंत ॥ १७ ॥

शांति रुवाच ॥

दोहा।

कहो स्वामी पुरुषकी, धर्मकर्मफलमाहि ॥
किहिविध अहे प्रवृतिअब, मै समुझों मनमाहि ॥ १८ ॥

श्रद्धोवाच ॥

सोरठा।

जादिन भयो वैराग्य, पुर्योलेदिन ताहिते ॥
इह अमुत्र फलत्याग, स्वामीयारे ताहिते ॥ १९ ॥

(१) सहचारी है। (२) सर्वदा है। (३) अर्थ यह:-मीतकरणमां पु... स्वामीके फलमें प्रवृत्ति किसप्रकारसे है यहकहो ॥

सरस्वती उवाच ॥

चिंता चित विकारसुत, देवे वहुत कलेश ॥
काहूं शांतिसुविषे मै, कीजे ताहि निवेश ॥ ११७ ॥

मन उवाच ॥

तुम प्रसन्न अति होइ उर, मोको देहु वताइ ॥
ताको ध्यानसु मै धरो, दुखपुंज मिटजाई ॥ ११८ ॥

सरस्वती उवाच ॥

दोहा।

हे सुत यहअतिगोपहै, करेजु वन्धनमोप ॥
पर आरतउपदेशमैं, कहेन आगम दोप ॥ ११९ ॥

सवैया।

नव नीरद श्याम विसालमहा, उरहार भुजासु कियूर सुहाए ॥
मकराकृत कुंडल काननमै जुगनैनसरोज मनो विगसाए ॥
जनमाहि निदाघसुसीत सरोवर, वेद सदा जिह ब्रह्मवताए ॥
हरिध्याव सदा मनतूं उरमे, निज सूखलहे दुखपुंज मिटाए १२०
सुनके मन दीरघस्वास लयो करजोर दोऊपदशीशझुकायो ॥
भवभेपज मात सुतोहिकह्यो भवसिंधुवह्यो तवमोहि वचायो ॥
करुणारस नैन विसाल द्रवे, पुन सारस्वती गह हाथ उठायो ॥
सुतलाइकतूंउपदेशहिकी, अवनीठभयोइममेमनआयो १२१ ॥

चौपाई।

हेसुत औरप्रकारह कहों। तव संसारमोह सभ दहों ॥
जेतोमोह सुजामे होइं। अंतजने तेतो दुख सोइं ॥ १२२ ॥

(१) शांति विषय कहिये शोकमोहादि रहित मनविषयमें ॥

दोहा ।

पापनके फल नरकतें, जैसे डरपै नीत ॥
त्योंही सुखहै पुंनफल, स्वरगभयो भयभीत ॥ २० ॥
सुकृतको फल भोगसुख, मिले कदाचित् जोइ ॥
करै गिलानि सुउरविषे, अधिक नमाने सोइ ॥ २१ ॥
प्रत्यंक्श्रवण पिखपुरुषको, सफल आपनिरधार ॥
धर्म आपही होइयो, सनै स्थल व्यापार ॥ २२ ॥

शांतिरुवाच ॥

दोहा ।

जे उपसरंगसुसंगले, भयो लीन खल मोह ॥
कहो वृतांत सुताहिको, जननी पूछो तोहि ॥ २३ ॥

श्रद्धोवाच ॥

दोहा ।

मधुमत्तविद्यासहित पुनि, पठे मोह उपसरग ॥
लोभनिमित सुपुरुषको, दिखलाए वहुस्वरग ॥ २४ ॥
जो तिनमाहि आसक्त पुन, पुरुष कदाचित होइ ॥
तौ विवेक उपनिपतको, स्मरनकरे न कोइ ॥ २५ ॥

शांतिरुवाच ॥

दोहा ।

मात प्यारी शशिमुखी, मृगनैनी वलहार ॥
तिसते वहुरो क्याभयो, मोको करो उचार ॥ २६ ॥

(१) स्वामीपुरुषको आत्मैकनिष्ठाकूं देखकर सोधर्म कीयाहै वैराग्यरूप फलजिसने अपने आपकूं मानकर स्वयं आपही व्यापारसें रहित होताभया। (२) योगविघ्न।) कचित् सिद्धि ॥

शीशलिजाई ॥
ने बाधव पति भाई । काल जवे गहि शीशलिजाई ॥
सुरखजनअतिदुख पावे । खोहिसिरोरुह धूड़रुलावे ॥१२३॥
उर दगते जलवहे । पेख विवेकी यों उर कहे ॥
संसार बडो दुखदाई । यामे चीत गडो मत राई ॥१२४॥
वैरागसुजांउर होई । समसुख लहे आपम सोई ॥
रस्वती इम जब अलायो । ताहीक्षण वैरागसु आयो ॥१२५॥

वैराग उवाच ॥

सवैया ।

हाविधि एक विडंबकऱ्यो, जिहते सभलोक सुतोहि टगाए ॥
एनवनीलसुनीरजपे, सेलपांतदलंसम देहवनाए ॥
श्रोणत मांस सुमेद वसा, तिनऊपरते तुच अंबर छाए ॥
कणावसनानिनायसनीलक्याचरजातसुखाए ॥ १२६ ॥

दोहा ।

सवंओर श्रोणत मिल्यो, आमिखपिंड निहार ॥
परे सुवायस नील वहु, फोकरसके निवार ॥ १२७ ॥

सवैया ।

हमलमूत कुमूतसभो, पुन आंगसुलेपम भाजन भा
नासकी मल जब निकसे अरु नाहि संभार सुपेनि टरा
तो मुखचन्द कहे जिहको, वहिनादि निहारसके तब न
पित्त रेत रमल गल्यानिकिर, मट आननना दिदंककुमा

(१) [illegible]
[illegible]

देवमाहि माया अहे,
ताको निग्रह भलेकर

शां

काराग्रहमैं डारमन,
कहो काहिमे अवअ

नित्य अनित्य वि
इह अमुत्र वैराग्य
मंत्री अहे यमनेय
मैत्री करुणादिक
है मुक्तेच्छा सहँ
ममता मोह सं

कहो स्वामी
किहिविध अ

जादिन भ
इह अमुत्र

(१)

दोहा।

पापनके फल नरकतें, जैसे डरपै नीत ॥
त्योंही सुखहै पुंनफल, स्वरगभयो भयभीत ॥ २० ॥
सुकृतको फल भोगसुख, मिले कदाचित् जोइ ॥
करै गिलानि सुउरविषे, अधिक नमाने सोइ ॥ २१ ॥
प्रत्यंक्श्रवण पिखपुरुषको, सफल आपनिरधार ॥
धर्म आपही होइयो, सनै स्थल व्यापार ॥ २२ ॥

शांतिरुवाच ॥

दोहा।

जे उपसरंगसुसंगले, भयो लीन खल मोह ॥
कहो वृतांत सुताहिको, जननी पूछो तोहि ॥ २३ ॥

श्रद्धोवाच ॥

दोहा।

मधुमत्तविद्यासहित पुनि, पठे मोह उपसरग ॥
लोभनिमित सुपुरुपको, दिखलाए वहुस्वरग ॥ २४ ॥
जो तिनमाहि आसक्त पुन, पुरुप कदाचित होइ ॥
तौ विवेक उपनिपतको, स्मरनकरे न कोइ ॥ २५ ॥

शांतिरुवाच ॥

दोहा।

मात प्यारी शशिमुखी, मृगनैनी वलहार ॥
तिसते वहुरो क्याभयो, मोको करो उचार ॥ २६ ॥

(१) स्वामीपुरुषको आत्मैकनिष्ठाकूं देखकर सोधर्म कीयाहै वैराग्यरूप फलजिसनें ऐसा अपने आपकूं मानकर स्वयं आपही व्यापारसें रहित होताभया। (२) योगविघ्न। (३) काचित् सिद्धि ॥

तव विवेकढिगजाइके, कीनो पुरुष प्रणाम ॥
कह्यो पुरुष तव एहु सुत, कीनो भलो न काम ॥ ८० ॥
ज्ञानवृद्ध तुम हो वडे, हमको पितासमान ॥
यही अर्थ ऋषिदेवता, पूर्वे कीन वपान ॥ ८१ ॥

चौपाई ।

एकसमे आपदके मारे । भूले निगम देव ऋषि सारे ॥
तिनको एक वाल थो जोई । तीर सरस्वती वसियो सोई ॥८२॥

दोहा ।

दधीचऋपीसर पूतवहु, जन्यो सरस्वतीमाहि ॥
नाम सारस्वत ताहिको, धन्यो जगतकेमाहि ॥ ८३ ॥

चौपाई ।

मात सरस्वती तिह प्रतिपाल । रहे कंठ तिहवेद विसाल ॥
तवते समापाइ ऋषिजेते । पूछे परस्पर वेद सुतेते ॥ ८४ ॥
जव तिन कंठन किने निहारे । तवते वालक पास पधारे ॥
कह्यो वालको वेद पढैये । कह्यो वाल पूत सुनलै ये॥८५॥

---

(१) श्रुतिः—प्रजापतिर्ब्रह्मा देवान् सृष्ट्वा केनचिन्निमित्तेनाज्ञानिनो भूयासुरिति देवाञ्शशाप । तदनन्तरंताननुगृह्णन् देवानामन्योन्यं पितृत्वं पुत्रत्वं च ददौ ॥ अर्थ यहः—प्रजाका पति ब्रह्माजी सबदेवताओंको रचिकर तथा कोई कार्यरूप निमित्तकर अज्ञानि होवो इसप्रकार देवताओंको शाप देतेभये तिसके अनन्तर तिनोंपर अनुग्रह करतेहुए ब्रह्माजी देवताओंको परस्पर पितापणा तथा पुत्रपणा देतेभये ॥ इसश्रुतिकर देवते धर्ममार्गमें नष्टसंज्ञावाले होतेभये, पुत्रोंसे वेद पूछिकर पुत्रसंज्ञाको प्राप्तभये इसकहनेकर ज्ञानवृद्धको पितारूपिता दिखाई, यह संक्षेपार्थ है ऋषिप्रसंग आगे कहिते हैं। (२) नारदादि ॥

श्रद्धोवाच ॥

चौपाई ।

तब उपसर्ग पुरुप ढिगगए । कौतुक एक करत पुन भये ॥
इंद्रजालकी विद्या जोई । लोभहेत दिखलाई सोई॥ २७॥

दोहा ।

निखलसिद्धि प्रगटी तहा, पिखी पुरुप मनलाइ ॥
गुलाबसिंह प्रभावतहि, नीके देत सुनाइ ॥ २८ ॥

सवैया ।

शतयोजनते सभवातसुने, पुन नीरनपै विन नावचलाए ॥
विन ध्येनकिये सभ वेदपुराण, सुभारतलौ इतिहास सुआए॥
विनछन्दपढे सुभछन्दनके, भवमंडलमै सवकाव्य बनाए ॥
सुजराडजेरेसुरथानपिखे, सभलोकनको रुचिप्रेर चलाए २९॥
दृढभीतनते निकसे क्षणमें, तनु मेरुसमान सुभूर बनाए ॥
तनुकंटकपै समतूल रहे, क्षणमे रविमंडलमाहि सुजाए ॥
इहभांति निहारत देवनजू , ढिगआनभलेपद मोल झुकाए॥
इहठौर स्वामिन वासकरो, दुखद्वंदसभै अब तोहि मिटाए ३०

दोहा ।

ईहा जन्म नमृतहै, यह अतिसुंदर देश ॥
ईहाबैठ कलोलकर, मनके हरो कलेश ॥ ३१ ॥

दोहा ।

विद्याधरी अप्सरा, विविध मुग्धं सुरनार ॥
ते पदवन्दनकरतहै, हाथ उपाइनधार ॥ ३२॥

---

(१) कोई सुंदर करतहीं इंद्रजालिक विद्याका अभिमानकर्ता [illegible] [illegible] ।
(२) श्री पा पा मोहनरूप ॥

सवैया ।

याहिपिखो तुम सुंदरता, मदमत्तविलोचन रूप अपारे ॥
दीरघ वारज गंधमिली, अलकै कचघुंघरवंत सुकारे ॥
पीनपयोधर रंभेउरूकमलानन अंजननैन सवारे ॥
दाडमसीरदपांतिवनी, समदामिनि हासहरे तमभारे ॥ ३३ ॥
हाटककी सिकेता धरनी, पुन इंद्रसी नीलमणि बनलाई ॥
एवनपांति नृतांतखिरी, वहुफूल सुगंध चहूंदिश छाई ॥
गुंजत एमधुपावलिया, मनवावलियासुमनोजचलाई ॥
संग विलासनि केलकरो, तपसा तब पुंनफले अवआई ॥३४॥

शांति रुवाच ॥

दोहा ।

मात प्यारी शशिमुखी, मृगनैनी वलिहार ॥
तिसते वहुरों क्याभयो, मोको करो उचार ॥ ३५ ॥

श्रद्धो वाच ॥

दोहा ।

सुन उपसर्गनवाकको, कीनो पुरुप उचार ॥
अतिसुंदर यह भोगसुख, मोमन वाढियो प्यार ॥ ३६ ॥
संकल्पकियो उत्साहमन, स्वामीपुरुप उदार ॥
योंमतिसुन उर खेदगहि, करे सुशांति उचार ॥ ३७ ॥

शांति रुवाच ॥

दोहा ।

हाधिग हादुख कष्टअति, भई वडी अवहान ॥
पुनरपि जगफासीविषे, पऱ्यो सुपुरुप महान ॥ ३८ ॥

(१) केश । (२) रेती ॥

दोहा।

माता औ उपनिपतमें, वडो अंतरो जान ॥
वहुदृढवन्धनको करे, यह करे वन्ध सभहान ॥ ९४ ॥
पुन उपनिपत विवेकपिख, अभिवन्दन तिहधार ॥
वैठी किंचत दूर तिह, पूछत पुरुष विचार ॥ ९५ ॥
कहो अंब एते दिवस, कहि कहि करे वितीत ॥
उपनिपत वखाने पुरुषको, सुनो इकागर चीत ॥ ९६ ॥

चौपाई।

मठमझार पुन शून अगार। मूरखजनकी संगतधार ॥
आपददिन इहभांति विताए। कहांकहो मै अतिदुःखपाए९७

दोहा।

कह्यो पुरुष वहिततकछु, जानतथे पुन तोहि ॥
उपनिपत कह्यो कहिजानहे, सगल व्यापे मोहि ॥९८॥

चौपाई

ते निजइच्छाके अनुसार। मेरो अरथ सुकरें उचार ॥
अरथ विचारविना इंउ कलपें। द्रवंडागणज्यों वाणी जलपें९९
परको ठाग द्रव्य तिह हरें। याहित मोहि विचारण करें ॥
मै उपनिपत मोक्षको कारण। पेट हेत सठ करें सुधारण१००

दोहा।

पुरुषकह्यो सुन मात पुन, मोप्रति करो उचार ॥
किहविध वासरतेंविते, भाखो सगल विचार ॥ १०१ ॥

(१) मेरे पीछे लग गए। (२) द्रवनागन कहिये जैसे द्राविडदेशस्थपुरोंकी भाषाको सुनकर कल्पना करतेहैं तद्वत् वाणी कहनेभये। वा द्रवनागन कहिये मेंडकोंका समुदाय ॥

मात प्यारी शशिमुखी, मृगनैनी वलिहार ॥
तिसते वहुरो क्याभयो, मोको करो उचार॥ ३९ ॥

श्रद्धोवाच ॥

चौपाई।

तव तांमीत पुरुप इकसार। तर्कनाम तिहकरें उचार ॥
क्रोधभरे दृग ताहि सुलाल। मनो समीर सखां सुविसाल४०
तिन उपसर्गन ओर निहार। वहुरपुरुपको कीन उचार ॥
यहे अस्थानी देव सुजेते। विघनकरें तुमको प्रतितेते४१ ॥
श्रद्धा यावचननकेमाही। मीत कदाचित कीजे नाही ॥
थानअभिमानी देव सुजेते। है अतिधूरत वंचक तेते ॥४२॥
विपर्यवडसापिंडीको डारे। मीनसमान निखलजन मारे ॥
भोगनकी चिंता दुखआग। डारे तोहि न लखे अभाग४३॥

सवैया।

एह अतिसुंदर नारि जितीनरकाऽग्निकी सुशिषा पहिचानो॥
ताहिकि संगमते दुःखजोवहु वारलयो कहितोहि भुलानो॥
तेंतप दीरघ नीतकरे, सभलोक वखानत तोहि स्यानो ॥
भोगनपावकते हटियो, दुःखनाहिभरो सुकह्यो मम मानो४४॥
भवसागरतारणयोग्य जहांज सुतें चिरकालहिते अव पायो॥
मदमत्तविलोचननारि दिखाइ सुचाहतहें सुरतोहि छुडायो॥

(१) सत् असत् विचारका नाम तर्कहै। (२) अग्नि। (३) मधुमतासिद्धि अभिमानी देवते। (४) विषयरूप मांसयुक्तकांटा। (५) मनुष्यशरीर ॥

दोहा।

पुरुषप्रश्न उपनिषत सुन, लागी करन वखान ॥
गुलाबसिंह वहिवाक पुन, साधधरो निजकान॥१०२॥

उपनिषदुवाच ॥

चौपाई।

मै चली वडोपथ· जहां। देखी यज्ञविद्या तहां ॥
कृष्णाजिन अग्निजलाई। इत समधाघृत जूपसुहाई१०३
आलो सभभांजन हाथ। इष्टिपशु मख सोम सुसाथ ॥
र्मकांडकी पद्धति जोई। नीके मुखो अलाए सोई १०४
व मै मनमै कीन विचारा। एहु धरे वहु पुस्तक भारा ॥
क छु ततपछाने मेरा। कोदिन ईहा करों वसेरा१०५॥
व मै ताढिग शीशु झुकायो। तिन मोको पुन एहु अलायो ॥
हु कल्याणी वांछतसार। तव मै तिनसों कीन उचार१०६
अनाथ दूर मम नाह। तोहि समीप वसनकी चाह ॥
व तिन मोको एहु वखानी। कौनकाज तूंकरें कल्याणी१०७
व मैं कह्यो जुपुरुप उदार। ताको रूप सुकरों उचार ॥
तिं विश्वउदे यह होई। जामे रहे लीन पुन सोई१०८॥
किभास निखलजग भासे। सहजानंदसु ज्योति प्रकासे ॥
ांति निरंतर अकेरूपा। निरावयवसुअसंगअनूपा१०९

(१) काष्ठेमयी वर्न। (२) [illegible] [illegible] पात्र। (३) [illegible]
[illegible]
(४) [illegible]
[illegible]
[illegible]

ीरनदी सुचहेंकिम आत्म आप वहायो ॥
कमलीनसुभोगनहेर कहा हुलसायो ४५
ार दिगंवर जावन वास कएहै ॥
तपदीरघ, भोगमहानल पारभएहै ॥
कहें, अरु कांपत भूपतिपांइ पएहै ॥
पर फेर रसातलमाहि गएहै ॥ ४६ ॥
तुही, इहवार कहांसु अघाइ रहेगो ॥
ंउखिसे, भवसागरधारसु फेर वहेगो॥
ाक्षअहै, इह औसर मीत न फेर लहेगो॥
नत जो, नरकाऽग्निमे वहुदुख सहेगो४७

शांति रुवाच ॥

दोहा ।

शेसुखी, मृगनैनीवलिहार ॥
याभयो, मोको करो उचार॥ ४८ ॥

श्रद्धोवाच ॥

दोहा ।

कानधर, विपय नस्वास्ति उचार ॥
ोह तज, भयो वैराग उदार ॥ ४९ ॥

सवैया ।

चितार, सुशीश धुन्यो मन ताहि उठायो॥
वेपे, परतो मम मीत सुतोहि वचायो॥
कवी, इह मीत सुनो तव साच वतायो॥
त वढी, भरअंक भले सुसखा गललायो५०

ः निसरत ॥

द्वैत अंधेरो दूर मिटाइ। जामै मिले सुमोक्षी जाइ॥
तत्वज्ञानते पावे मोक्ष। पुरुप पुरातन है निरदोप११०
यहि पुरुप उर ब्रह्म पछानो। ब्रह्म न यांते भिन्न सुमानो॥
विनाज्ञान भासे पुन भेद। ज्ञान जनावे ब्रह्म अभेद १११
ऐसे वचन सुमेउरधार। यज्ञविद्या कीन उचार॥
निखलक्रियाको करता जोई। कैसे पुरुप ब्रह्म पुनहोई११२॥
क्रिया भवफासीपर हरे। ज्ञाननमुक्तिसु काहूं करे॥
वेदकहें निजकर्म सुकरे। जौलौ जीवै नहिपर हरे ११३॥

दोहा।

तातै तेग्रह रापणे, सरेन मेरो काज॥
पर तदपि तूं ऐंवकर, ज्योंमम भाखों आज॥ ११४॥
करताऔ पुन भोक्ता, पुरुप सुअहे विसाल॥
ऐसे निसवासर कह्यो, वसोसु किंचतकाल॥ ११५॥
यामेंकहो सुकोन तव, लागत याजग दोप॥
योंसुन राय विवेक पुन, वोल्यो धार सुरोप॥ ११६॥

चौपाई।

अहो मखनकोधूम सुकारा। यज्ञविद्याके नैन मझारा॥
तांकर मलनदृष्टि वहुभई। यों कुतर्क यांते निरमई११७॥
यज्ञविद्या है निरवुद्ध। ईश्वर पुरुप अकरता शुद्ध॥
चुंवक मणि ज्यों निहचल अहे। तासमीप लोहाकृत गहे११८॥
त्यों ईश्वरकी संगतपाइ। माया लेवे निखल उपाइ॥
अज्ञान जनत वन्धनहे जोई। कैसें कर्म निवारें सोई॥११९॥

(१) श्रुतिः—(कुर्वन्नेवेह कर्माणि, जिजीविषेच्छतम्समाः) अर्थयहः—इस कर्माधिकारभूलोकमें अग्निहोत्रादि कर्मोंकूं कर्ताहूआहीं सौवर्षपर्यंत जीवनेकी इच्छा करे।
(२) ईश्वर औ पुरुषजीवात्मा॥

शांति रुवाच ॥

चौपाई।

भलाभया बहुपुरुप उदार। भयो विरक्त कटे दुःखभार ॥
तूं अब मातसु कहां सिद्धाई। मोको नीके देहु बताई ॥ ५१ ॥

श्रद्धोवाच ॥

दोहा।

पुरुप पठाई मै चली, हेरन आज विवेक ॥
जावों भूपविवेकढिग, मेटिसु विघन अनेक ॥ ५२ ॥

शांति रुवाच ॥

चौपाई।

मोकोवी पुन रायविवेक। पच्यो सुकारज भापो एक ॥
उपनिपतलियावनहेत पठाई। चले सुवेग विलंब मिटाई ॥ ५३ ॥

कवि रुवाच ॥

दोहा।

विवेक उपनिपत समीपवहि, श्रद्धा शांति उदार ॥
गई जब बहुपुरुप पुन, आए सभामझार ॥ ५४ ॥
करविचार उर हर्प अति, लागो करन उचार ॥
गुलावसिंह बहुवाकपुन, सुनो साध उरधार ॥ ५५ ॥

पुरुप उवाच ॥

दोहा।

अहो महातम है वडो, विष्णुभक्तिको लोइ ॥
जांप्रमादवन्धनमिटे, मुक्तिजीव जग होइ ॥ ५६ ॥

ज्यों तमको दूर नकरे। त्यों नही कर्म सुबन्धनहरे ॥
... यज्ञविद्या है जोई। सम्यक अर्थ नजाने सोई १२०

दोहा।

लीनें अंधेरो भवन तम, करेसुजव प्रकास ॥
तव विनज्ञान सुकर्मते, होवे बन्धननास ॥ १२१ ॥
विन आतमके ज्ञानते, मुक्तिपंथ नहि आन ॥
ऐसे वदनसरोजते, करे सुवेदं वखान ॥ १२२ ॥
कह्यो पुरुष उपनिषतको, बहुरों कहा विचार ॥
यज्ञविद्या तोहिको, केर्म कीन उचार ॥ १२३ ॥

उपनिषद्वाच ॥

चौपाई।

यज्ञविद्या बहुर विचार। तोको गाविध कीन उचार ॥
...र्मी गुनेगी संगति जोई। हमरे शिष्य विगारे सोई १२४

दोहा।

फल अनित्य सोजानिके, करन सादर करम ॥
तेरी संगति पाइके, जाने निगम सुगम्म ॥ १२५ ॥
तातें वांछितदेशको, करो गमन ततकाल ॥
तब मैं ताको छांडिके, चाल्यो बहुर उताल ॥ १२६ ॥
कर्मकांडकी सहचरी, फिरी मीमांसा जाइ ॥
बहु प्रकार आंन कर्म, बहु अनिकारी पाइ ॥ १२७ ॥
तातें कह्यो मर्मीप तब, बसोगु [illegible] ॥
तब उन कह्यो मूरखमति, भारी मग्नी विचार ॥ १२...

[illegible]

सवैया।

जिहंमाहि कलेश वडीलहरी, सुभयानक जाहिके पंथ अपारा॥
सुत मीत कलत्र सुबंधु सखा, मकराग्रह ग्रन्थ वडे सुविकारा॥
निजक्रोध महावडवानलहे, तृष्णानिजनागनिरूपसुकारा॥
हरिकी भक्ती पदकंजप्रसाद तऱ्यो भवसागरमें अजभारा॥५७॥

दोहा।

तर्क वडो मम मीतहे, होयो मोहि सहाइ॥
पावक भोग करालते, लीनो मोहि बचाइ॥ ५८॥

कवि रुवाच॥

दोहा।

उपनिपत शांति दोनो तवे, कीनो सभाप्रवेश॥
कीरतिवरमा मोलमणि, वैठो जहाँ नरेश॥ ५९॥

शांति रुवाच॥

दोहा।

चलो सखी सुविवेकका, वदन निहारो आज॥
भाग तुमारे जागया होहि सभे तव काज॥ ६०॥

उपनिषदुवाच॥

दोहा।

सखी स्वामी निरदई, जाहि त्याग्यो मोहि॥
ताको मुख किहविध पिखों तूं मनभीतर जोहि॥ ६१॥

(१) यहां रूपकालंकार है॥

तमज्यों तमको दूर नकरे। त्यों नही कर्म सुवन्धन
तांतै यज्ञविद्या है जोई। सम्यक अर्थ नजाने सोई

दोहा।

लीनें अंधेरो भवन तम, करेसुजव प्रकास ॥
तव विनज्ञान सुकर्मते, होवै वन्धननास ॥ १२१
विन आत्मके ज्ञानते, मुक्तिपंथ नहि आन॥
ऐसे वदनसरोजते, करे सुवेद वखान ॥ १२२ ॥
कह्यो पुरुष उपनिषतको, वहुरों कहो विचार ॥
यज्ञविद्या तोहिको, कैसे कीन उचार ॥ १२३ ॥

उपनिषदुवाच ॥

चौपाई।

यज्ञविद्या वहुर विचार। मोको याविध कीन उचा
सखी सुतेरी संगति जोई। हमरे शिष्य विगारे

दोहा।

फल अनित्य सोजानके, करेन सादर कर्म
तेरी संगति पाइके, जाने नि
तातें वांछतदेशको, करो ग
तव मैं ताको छोडिकर, च
कर्मकांडकी सहचरी, पिख
वहु प्रकार भाषे कर्म, वहु आ
तामें कह्यो समीप तव, वसांतु किंचतकाल ॥
तव उन कह्यो सुकर्मबुद्धि, भाषो मसी विसाल ॥ १२८

(१) अन्धेरोर [illegible] । (२) [illegible]
[illegible]

शांति रुवाच ॥

दोहा ।

देवी स्वामी परोथो, परम विपदके माहि ॥
इहविध एहु उलाहनो, तूं भापतहे ताहिं ॥ ६२ ॥

उपनिपदुवाच ॥

सखी न देखी दुरदशा, मोपर वीती जोइ ॥
जाकर ऐसे तूंकहें, सुनो वखानो सोइ ॥ ६३ ॥

चित्रपदाछन्द ।

भुजदंडतोडिकुपंडितामणिकंठकीवहुफोर ॥
करकाढिकंकणलीतियाकररहीमैवहुशोर ॥
चूडामणिममशीशतेकटिदीनवहुतकलेस ॥
समद्रोपतीकेशांतिमेरेखैंचियातिनकेस ॥ ६४ ॥
कुछ अरथ मेरो औरथो, वहु करहे औरप्रकार ॥
जीवकाके हेत मूरख तोडिफोडि उचार ॥
अर्थको सुअनरथभाखैं देहि वहु संताप ॥
वहुभांति में दुखपाइयो नहिडरें ते सठपाप ॥ ६५ ॥

---

(१) कुत्सित पण्डतोंने मेरे मनन तथा निदिध्यास न करके भुजादंड तोड डारेहैं तहां ब्रह्मरूप विषयसें भिन्न विषयका जो मनन है तथा निदिध्यासन है सोई भुजाओंका तोडना है, धारणा ध्यान समाधिरूप कंठकी मणिहै सोभी ब्रह्मरूप विषयसें भिन्न विषयका धारणा ध्यान समाधि करनाहीं तिसका फोडना है–उपक्रम उपसंहारादि रूप जे वेदांततात्पर्यके पट् लिंग हैं, सोई भये कङ्कण तिनकोभी वेदांततात्पर्यकूं छोडिकर अन्यार्थकेतात्पर्यपर लगावना यही तिनका लैना है–चूडामणि कहिये शिरभूपणकीन्याई आत्मस्वरूप तिसका जो निर्णीत निश्चय है यही शिरसें काटदेनाहै–केश कहिये वेदांतभाग (उपनिष द्भाग) तिसको जो अन्यार्थपर लगाना सोई केशोंका खेंचना है द्रौपतिवत् यह छन्दका तात्पर्य है ॥

चौपाई ।

तव मै कह्यो पुरुषको रूप । मै भाखोंगी परम अनूप ॥
निज शिष्यनको वदन निहार । वहुर मीमांसा कीन उचार १२९
फलउपभोग योग्यहै जोई । पुरुष वखानेगी यह सोई ॥
करो कर्म इम ताहि उचारियो । तव तांशिष्यअनुमोदनधारियो
तव तांशिष्य एकथो जोई । मीमांसाकोरिद अंगम सोई ॥
नाम कुमारलस्वामी वाको । करविचारतिनभाख्योताको ॥
करम निफल उपभोगता जोई । उपनिषत कहे नहआत्मसोई ॥
किंतु कहे अकरता सोई । भुक्ता नाहिकदाचित होई १३२
ऐसे आत्म रूप सुजोई । करम उपयोग्य करे नह सोई ॥
वहुरो वोल्यो अपर विचार । ज्योंहै त्यों ममकरो उचार १३३
पुरुषदोइ जगभीतर गाए । एक जीव इक ईश वताए ॥
मोह अंधेरे जीव दवायो । ईश्वरसकल सुसाक्षीगायो १३४
वांछे करमफल जीव सुजेते । ईश्वर देवे ताको तेते ॥
जीव करममें हे अधिकारी । ईश अकरता वेदउचारी १३५॥
कल्पतवन्ध जीवमें अहै । नित्यमुक्ति परमेश्वर कहै ॥
सुन विवेक भूपति हरखाने । साधुसाधु मुखमाहि वखाने ॥
होवे भले सुदीरघ आयो । जाने याविध अर्थ अलायो ॥
दोन सपरण वेदमे गाए । रहें इकठे सखा वताए ॥ १३७ ॥

(१) यस्माद्विश्वमुदेति, इस पूर्वोक्त श्लोककर पुरुषका रूप कहा । (२) साधुसाधु इसप्रकार स्वीकार किया । (३) (द्वासुपर्णा सयुजा सखाया, समानं वृक्षं परिषस्वजाते तयोरन्यः पिप्पलं स्वा द्वत्यनश्नन्न्यो अभिचाकशीति ॥ अर्थयह:—दो पक्षी जीवात्मा परमात्मा सो कैसेहैं साथ रहिनेवाले हैं तथा परस्पर अनुकूल हैं, तथा एक शरीररूप वृक्षकूं आलिङ्गन (स्वीकार,) करतेहैं तिन दोनोंमें एक जो जीव है सो स्वादु (पकं) कर्मके फलकूं भोगताहै और अन्य जो परमात्मा है सो तिस कर्मफलकूं नहीभोक्ताहुआ प्रकाशता है नाम साक्षिरूप होयकर देखताहै ॥

दुर्विदग्ध अनेक मोको मिलेलोक मलीन ॥
विवेकपतिविन जान मोको चहें दासीकीन ॥
केंचित कहें जग सत तूं सुखकरो इह प्रकास ॥
केंचित कहें मतद्वैतमें उपनिपत तूं कर वास ॥ ६६ ॥
इकंकहें जीवपरेशको है भेद एहु वखान ॥
इक कहें भेदाऽभेदको उपनिपत तूं उर मान ॥
इह भांतिव्याकुल मैं करी नहिलखे मूरखवात ॥
ज्यों दुष्टकौरवसभामें भई द्रौपदी विख्यात ॥ ६७ ॥

शांतिरुवाच ॥

चित्रपदाछन्द ।

महामोहके अपराधतें तैं लह्यो है दुख सोइ ॥
देवको अपराध नाहीं होनहारी होइ ॥
मोह मन उपजाइ कामसुपुरुपको गहि लीन ॥
डार विपयआरण्यमें सुविवेक दूरहिकीन ॥ ६८ ॥
कुलनारिके यहधर्म देवीं रच्यो भगवान॥
संपद सुआपदमें सदा बहुचहे निजपति प्रान ॥
अव आउ दर्शनदेहु नीके मिष्टपियाप्रतिवोल ॥
अव फलै तोहि मनोरथा सभहते द्वेपी टोलि ॥ ६९ ॥

उपनिपदुवाच ॥

दोहा ।

पुत्री गीता यों कह्यो, मोहि इकंत विठाइ ॥
स्वामी भरता पुरुपको, करो तोप अवजाइ ॥ ७० ॥

(१) दुष्टबुद्धि । (२) सांख्यमतवाले । (३) मीमांसक । (४) नैयायिक । (५) त्रिदण्डी । (६) उपनिषद् अर्थकी प्रतिपादिकाहोनेकर वा उपनिषद्प्रकरणमें उत्पत्तिहोनेकर गीताको उपनिषद्का पुत्रिपना है ॥

तमज्यों तमको दूर नकरे। त्यों नही कर्म सुबन्धनहं
तांतै यज्ञविद्या है जोई। सम्यक अर्थ नजाने सोई१

दोहा।

लीनै अंधेरो भवन तम, करेसुजब प्रकास ॥
तब विनज्ञान सुकर्मतें, होवै बन्धननास ॥ १२१ ॥
विन आत्मके ज्ञानतें, मुक्तिपंथ नहि आन ॥
ऐसे वदनसरोजतें, करे सुवेद बखान ॥ १२२ ॥
कह्यो पुरुष उपनिषतको, बहुरों कहो विचार ॥
यज्ञविद्या तोहिको, कैसे कीन उचार ॥ १२३ ॥

उपनिषदुवाच ॥

चौपाई।

यज्ञविद्या बहुर विचार। मोको याविध कीन उचार
सखी सुतेरी संगति जोई। हमरे शिष्य बिगारे सोई १२

दोहा।

फल अनित्य सोजानके, करेन सादर करम ॥
तेरी संगति पाइके, जाने निखल सुभरम ॥ १२५ ॥
तातें वांछतदेशको, करो गमन ततकाल ॥
तब मैं ताको छोडिकर, चाली बहुर उताल ॥ १२६ ॥
कर्मकांडकी सहचरी, पिखी मींमांसा जाइ ॥
बहु प्रकार भापे कर्म, बहु अधिकारी पाइ ॥ १२७ ॥
तामें कह्यो समीप तब, बसांसु किंचतकाल ॥
तब उन कह्यो सुकर्मसुद्दि, भापो सखी त्रिसाल ॥ १२८

(१) अन्धेरेका ग्रस्त गृह। (२) कर्मज्ञानात्मुक्ति। आनंदन तु कैवल्यम्।
...ान्यः पन्थाविद्यतेऽयनाय इत्यादिवेद ॥

प्रबोधपूत तव होइगो, बन्धनदये निवार ॥
परस्वामीप्रति कहनते, आवत लाज सुभार ॥

शांतिरुवाच ॥

दोहा ।

विष्णुभक्ति सुविवेकको, कीनो इहै उचार ॥
पेखो स्वामी पुरुष अब, काहेकरें विचार ॥ ७
उपनिषत कह्यो ज्योंकहितहे, सोइकरों वडभाग
गुलावसिंह दोनो तबी, गई अखाडो त्याग ॥ ७
तब विवेकराजा सुनो, श्रद्धासहित सुहाइ ॥
मोहपटलको दूरकर, वऱ्यो सभामहि आइ ॥ ७४ ॥

विवेक उवाच ॥

दोहा ।

श्रद्धे शांति सुगई है, उपनिषतनिहारनकाज ॥
किहविध प्यारी को पिखों, मोहि वखानो आज ॥ ७५
देवसुआय सुथारीया, गई शीस परमान ॥
विष्णुभक्ति पुन शांतिको, कीनो एहु वखान ॥ ७६ ॥
मंदरनाम सुसैलमें, है हरिको अस्थान ॥
तह गीताके निकट वहु, वसत तर्क डरमान ॥ ७७ ॥

विवेक उवाच ॥

तर्कवियाते कहो, कैसे तिह डरभार ॥

श्रद्धोवाच ॥

देव उपनिपत करेगी, तोको एह उचार ॥ ७८ ॥
अब तुम चलो समीप प्रभु, देखो पुरुष निहार ॥
वैठ इकंत सुध्यायहै, तोहि आगमन द्वार ॥ ७९ ॥

चौपाई।

तव मै कह्यो पुरुषको रूप। मै भाखोंगी परम अनूप॥
निज शिष्यनको वदन निहार। वहुर मीमांसा कीन उचार१२९
फलउपभोग योग्यहै जोई। पुरुप वखानेगी यह सोई॥
करो कर्म इम ताहि उचारियो। तव तांशिष्यअनुमोदनधारियो
तव तांशिष्य एकथो जोई। मीमांसाकोरिद अंगम सोई।
नाम कुमारलस्वामी वाको। करविचारतिनभाख्योताको।
करम निफल उपभोगता जोई। उपनिषत कहे नहआत्मसोई।
किंतु कहे अकरता सोई। भुक्ता नाहिकदाचित होई १३२
ऐसे आतम रूप सुजोई। करम उपयोग्य करे नह सोई।
वहुरो वोल्यो अपर विचार। ज्योंहै त्यों ममकरो उचार १३३
पुरुपदोइ जगभीतर गाए। एक जीव इक ईश वताए।
मोह अंधेरे जीव दवायो। ईश्वरसकल सुसाक्षीगायो१३४
वंछि करमफल जीव सुजेते। ईश्वर देवे ताको तेते।
जीव करममें है अधिकारी। ईश अकरता वेदउचारी१३५।
कल्पतवन्ध जीवमै अहै। नित्यमुक्ति परमेश्वर कहै।
सुन विवेक भूपति हरखाने। साधुसाधु मुखमाहि वखाने।
होवे भले सुदीरघ आयो। जाने याविध अर्थ अलायो।
दोन सपरण वेदमै गाए। रहें इकठे सखा वताए॥१३७॥

(१) यस्माद्विश्वमुदेति, इस पूर्वोक्त श्लोककर पुरुषका रूप कहा। (२) साधुसा
इसप्रकार स्वीकार किया। (३) (द्वासुपर्णा सयुजा सखाया, समानं वृक्षं परिषस्वजा
तयोरन्यः पिप्पलं स्वा द्वत्यनश्नन्यो अभिचाकशीति ॥ अर्थयहः—दो पक्षी जीवात्म
परमात्मा सो कैसे हैं. साथ रहिनेवाले हैं तथा परस्पर अनुकूल हैं, तथा एक शरीररू
वृक्षकूं आलिङ्गन (स्वीकार,) करतेहैं तिन दोनोंमें एक जो जीव है सो स्वादु (पक्व
कर्मके फलकूं भोगताहै और अन्य जो परमात्मा है सो तिस कर्मफलकूं नहीभोक्ताहूआ
प्रकाशता है नाम साक्षिरूप होयकर देखताहै ॥

समान वृक्षमै कीन सुवासा। एक खाइ फल एक उदास
वहुर पुरुष उपनिषत अलयो। कहो मात तहवहुरसुभयो १
सुन शिष्यनको एहु विचार। मिमांसा मोप्रति कीन उचा
जह इच्छा तह कीजेगौन। लायक नाहि हमारे भौन १
मीमांसाते मैचली अगारी। तर्कविद्या और निहारी
वहुते शिष्य सुसंग सुहाए। सेवत ताहिं निरंतर पाए १४
धनकी इच्छा मनमै धार। वैठी भूपति सभामझार
जेलप वितंडावादें विसाला। छेलनिग्रहवहुकरेकराला १
सांख्यविद्या वहुर निहारी। वैठी लांवी भुजा पसारी
पुरुषनको वहुभेद वखाने। ततनकी गणना उर ठाने १४
कहे प्रकृतिसु जगत उपाये। महदादिक क्रमभाख सुनाए
वहुर पतंजलविद्या देखी। पुरुष भेद वहुकहे विसेखी १४
मैसभ इनके निकटि सुगई। भाष्यो इंहावासहित अई
तव तिन कह्यो सुकरम अलाइ। मैपुन वही सुदयो वताइ १४
ईश्वर निखल सुजगत उपाए। पुरुष नाम पुन वही कहाए।
क्रोधयुक्त तामै इक भई। फुरेहोठ यों वात अलई १४८।

(१) (उभयपक्षस्थापनवती विजिगीषुकथा जल्पः) अर्थयह:—वादी प्रतिवादी इन दोनोंपक्षोंके स्थापन करनेहारी ऐसी जो परस्परजीतनकी इच्छावान् वादीप्रतिवादी दोनों को प्रश्नउत्तररूप कथाहै ताका नाम जल्पहै। (२) (स्वपक्षस्थापनहीना विजिगीषुकथा वितंडा) अर्थ यह:—आपने पक्षके स्थापनतें रहित ऐसी जो जीतनेकी इच्छावाले पुरुषोंकी परस्परकथा है ताका नाम वितंडाहै। (३) (तत्त्वबुभुत्सोः कथा वादः) अर्थ यह:—तत्त्ववस्तुके बोधनकी इच्छावाले पुरुषोंकी आपसमें प्रश्नउत्तररूप कथाहै ताका नाम वादहै। (४) (अर्थान्तरेण प्रयुक्तस्य शब्दस्यार्थान्तरकल्पनं छलम्) अर्थ यह—अन्य अभिप्रायसे कथनकियेहुए शब्दके अन्यअर्थके कल्पनका नाम छलहै। (५) [illegible] गुणकी [illegible] नाम प्रकृतिहै ता प्रकृतिसे महत्तत्त्व, महत्तत्त्वसे अहंकार [illegible]

आज कृतार्थभूरभये सुमिटी निजआतमकी कलख।
बोधकरे सभकाजसंपूरन, पूत सुपूतभये सुखदाई ॥ २

दोहा ।

श्रद्धा[1] मति विवेक पुन, शांति यमादिक धार ॥
सर्वात्मप्रभाविश्र जो, सोहम भए उदार ॥ २०८
हरिकी भक्तिप्रसादते, भए कृतार्थ रूप ॥
वन्धन सगल मिटाइया, पाए ज्ञान अनूप ॥ २०
वैठ इकंत सुमोन गहि, मनकर कीनो ध्यान ॥
शांतिभयो भय शोकहन, भयो मोह सभहान ॥ २
यांप्रबोधहित भवनतजि, भवें भवारण्यमाहिं ॥
ताकोपाइ सुमुनिभयो, मैं निजभवन सुमाहिं ॥ २
विष्णुभक्ति आई तवै, उरमै हरप अपार ॥
आइ समीप सुपुरूपके, कीनो एहु उचार ॥ २१२
वहुतकालकर फले जग, मोहि मनोरथ आज ॥
शांतिअराति सुतवपिखों, भये सगल मम काज।
पुरुप कह्यो तव कृपाते, कोफल दुहकर आहि ॥
ऐसै सुखो अलाइकर, पर्‍यो सुचरननमाह ॥ २

दोहा ।

विष्णुभक्ति सुउठाय तिह, कीनो एहु उचार ॥
पूतकहो प्रयकाजकछु, पुन मैं करों तिहार ॥ २
पुरुप कह्यो अव याहिते, परे नप्यारे काज ॥
जीत अराति विवेकनृप, भयो कृतार्थ आज ॥

---

(१) श्रद्धा गुरुवेदवाक्ययोर्विश्वासः,—विवेकमतिर्नित्यानित्यवस्तुविवे न्तिर्पदार्थान्यम्—यमश्चित्तवृत्तिनिरोधः ॥

कौन बलाय कहांते आई। जाने ऐसी बात अलाई ॥
ऐसी बुद्धि तुमारी यातैं। धक्केखातफिरतहै तातैं॥ १४६॥
हापापिनि ईश्वरहैं जोई। किहविध जगत् उपावै सोई ॥
ऐक कहें प्रधान उपायो। एकै कहें प्रमाणु जायो॥ १४७॥
योंसुन रायविवेक सुजोई। लागो करण उचारण सोई ॥
तरकविद्यालो सभ जेती। दुष्टबुद्धि जानी सभतेती १४८
कार्य अहे निखलजग जेतो। ईश्वर सगल उपायो तेतो ॥
एतीवाति नजानत जेई। हैं अति मूरख जगमै तेई १४९॥
प्रधान प्रमाणुलौ समजेते। कलपत अहै सगल पुन तेते ॥
भूमि नीर अरु पावक पवना। कलपत सगल स्वप्नपुरभौना ॥
गन्धर्वनगर पुन इंन्द्र सुजाल। तांसम जान असत बिसाल ॥
सीपरूप ज्यों रज्जु भुजंगा। ब्रह्मअज्ञानजन्योजगअंगा १५१

दोहा।

ब्रह्मज्ञानके उदेते, होवतहै पुन लीन ॥
ज्यों जागेते होतहै, स्वप्न सगल भ्रम खीन ॥ १५२ ॥

चौपाई।

विकारसंक तिहभीतर जोई। मूढमति उर कल्पी सोई ॥
शांति सदा वहिज्योति प्रकासी। नित्यप्रकास सदा अविनासी ॥
जगत गन्धर्व नगर सुउपाए। रंचकनाहि विकार सुपाए ॥
नीलमेघ अरु धूल अपारा। नभमें करे नरंच विकारा॥ १५४

पुरुष उवाच ॥

चौपाई।

संदेहदवानल चीतमझारी। अंमृत सिंच विवेक निवारी ॥
मेरो चीतसु अतिहरपयो। भलो विचारविवेक अलयो १५५

(१) सांख्यी। (२) नैयायिक ॥

दोहा ।

पुरुष कह्यो उपनिषतको, बहुरों करो प्रकास ॥
तरकविद्या पासतैं, कैसे भई उदास ॥ १५६ ॥

उपनिषदुवाच ॥

सर्वभईते क्रोध मन, ऐसैं कौन वखान ॥
कहे जीवकी मुक्ति यह, सकलविश्वकर हान ॥ १५७ ॥
तातें नास्तकपंथको, एअब करे उचार ॥
केसनतें याको गहो, करो भलीविध मार ॥ १५८ ॥

चौपाई ।

पुरुष नारायण ईश्वर जोई । तव मै चीत चितार्‍यो सोई ॥
कह्यो पुरुष ईश्वरहै कोइ । तव करुणाकर जानो सोइ १५९
उपनिषत्कह्यो जो आपनजाने । ताको उत्तर कौन वखाने ॥
हरपसंयुक्त पुरुष पुन कहे । किहाविध मेपरमेश्वर अहे १६०
उपनिषतकह्यो परमेश्वर जोई । तोतेभिन्न नही पुन सोई ॥
तूं परमेश्वरते नही न्यारो । ऐसे सदा चीत निरधारो १६१

दोहा ।

माया अहै अनादि जो, ताकी संगति पाइ ॥
जल सूर्य प्रतिविंवज्यों, भेदवंत दिखलाइ ॥ १६२ ॥
वहुरो पुरुष विवेक प्रति, कह्यो जोर कर दोइ ॥
भगवन अर्थ उपनिषतको, कह्यो न निश्चै होइ ॥ १६३ ॥

चौपाई ।

मे अंवच्छिन्न भिन्न पुन जोई । जरामरण धरमा पुन सोई ॥
नित्यअनंद चिदात्म गाए । परंब्रह्म मम रूप वताए १६४ ॥

(१) अपंग वच्छिन्न । (२) उपनिष्त् ॥

कह्यो विवेक पदार्थज्ञान। अवलग तोहिभयो नहि भान॥
पदार्थज्ञान उपावसु जोई। कह्यो पुरुप अव भापोसोई १६५
कह्यो विवेक सुनो मनलाई। तोको देहु उपाइ वताई॥
तत्वंपदके अर्थ भनीजे। एकवाच्यपुन लक्ष कहीजे १६६
वाच्य अभिन्न कदाचित नाही। लक्षमाहि विरोधसु नाही॥
लक्ष चिदात्म है ये जोई। सो मैंयों उर चितवो सोई १६७
निखल उपाधिसु दूरं निवारो। वहुरो तत अर्थ निरधारो॥
तत्वमसि यों भाखे वेद। तातें निखल मिटावे भेद १६८
निखलद्वैतको दूर निवारो। चिदानंद उर आत्म धारो॥
वहुर पुरुप उपनिपत अलयो। तिहउपरंत कहो क्याभयो १६९

उपनिषद्वाच ॥

दोहा।

तवते सर्व सुदुष्टमति, मोहि फरनकेकाज॥
दौरीचारों ओरते, मैंतव चाली भाज॥ १७०॥
सीतापति रघुवंशमणि, रामशील यशभौन॥
जिह दंडकवनमे गए, तिह मैकीनो गौन॥ १७१॥
तिह मंदर परवतविपे, मधुसूदन असथान॥
ताहिनिकट जोदशामें, भई सुकरों वखान॥ १७२॥

चौपाई।

किंनहूंमे भुजदंड प्रहारे। तोडि मणि करकंकण तारे॥
चूडामणि शीशते लीनो। खैंचे केश वहुतदुःख दीनो १७३

(१) केईकपण्डतोंने. संधिविभक्तिरूप जो मेरेभुजदण्डहैं सो तोडडारेहैं तथा कंठकी मणिस्थानी अहंग्रह उपासनाहै सो फोडडारीहै अर्थात् खेंचकर मनीक उपासनामें स्थापन करेहें औ करके कंकणस्थानापन्न निष्कामकर्म तथा निधिहैं इनदोनोको हरणकरे हैं और चूडामणीस्थानापन्न जो तत्वमस्यादिमहावाक्यहैं तिनको मतवादियोंने शीसकी न्याई मथान

दुरविदग्ध वहुता वनुसाही। दासीकरन सुमेंउरचाही
विछुरी मम विवेकते जान।वहुविधमेदुःखदयोअजान१७
कह्यो पुरुष वहुरोंभयो जोई। मोको सगल सुनावो सोई।
कहि उपनिषत सुनो मनलाई। तव मेरें हरि भये सहाई १७
तव मधुसूदनके असथान। निकसे पुरुष परमवलवान।
लेकरगदा सगलतेडानी। तव मोको वहि छाडि पलानी।

राजोवाच॥

दोहा।

भागविहीन विमूढजे, करेंते अपमान॥
सहे न उरमै रंच वहु, जगसाक्षी भगवान॥ १७७॥

पुरुष उवाच॥

वैदुष्टादशदिश गयी, दंडक विपनमझार॥
तवते कौन सुविधभई, मोको करो उचार॥ १७८॥

उपनिषदुवाच॥

चौपाई।

गीताके आश्रमकीओरा। दौरी मे उर डऱ्यो सुमेरा॥
नूपर टूटिपरी पथमाही। वरी जाय आश्रमकेमाही१७९
तव गीता दुहिता मम प्यारी। पेखिकह्योआई महतारी॥
मातमातयों मुखो अलायो। मेंपदपंकजशीशु झुकायो१८०

-मुझ उपनिषदमें लीयाहै अर्थात् अंशअंशी, विकारविकारी, कार्यकारण, मकाश्यमकाशक, आधेयआधार, उपासकउपास्यादिक भाव (ज्ञान) कर अखंड अर्थका खंडन कियाहै तथा अवांतरवाक्यरूपी केश तिनवादियोंने मेरे खेंचेहैं भाव यहहै–(सत्यं ज्ञानमनंतं ब्रह्म) इसअवांतरवाक्यमें सताजातिमानीहै तथा ज्ञानादिक गुणमानतेहैं इति।
(१) चरणभूषण। (२) मेरे चरणोंमें शिर निवाया॥

भलीभांति मुहि अंकमिलाइ। हेमपीठमैं ल्यो बैठाइ॥
भयो.वृत्तांत निखल तिनजान्यो।वहुर सुमोकोएहु वखान्यो १८१

दोहा।

मात डरो नहि चीतमें, तेरो कर अपमान॥
दुष्ट यथेष्टमें रमेंजे, ताहि हने भगवान॥ १८२॥

चौपाई।

श्रीपति योंमुख आप वखाने। दुष्टसुजे उपनिपत नमाने॥
क्रूर नराधम हैं जग जेते। असुरयोनिमें डरों तेते॥१८३॥
सुनकर पुरुप अनंद तव भयो। यों मुखमाहि सुवैन अलयो॥
सुन्यो अर्थमैं पूर्व जोई। उपनिपत करावत निश्चे सोई॥

कवि रुवाच॥

दोहा।

श्रवण मनन पूर्णभयो, निखल संदेह निवार॥
निदध्यासनकी चाह उर, भई सुपुरुप उदार॥ १८५॥

चौपाई।

याअवसर निदध्यासन आयो। वैठ सभामैं एहु अलायो॥
विष्णुभक्तिने मोहि पठायो। तातै मै ईहाचल आयो१८६॥
गूढ हमारो आसय जोई।उपनिपत विवेकप्रति भाखोसोई
दोनोको यहवात प्रकास। पुरुपमाहि तूं करी निवास१८७

(१)गीतामें कहाहैः—तानहं द्विषतः क्रूरान्संसारेषु नराधमान्। क्षिपाम्यजस्रमशुभानासुरीष्वेवयोनिषु॥ अर्थयहः—हेअर्जुन—द्वेषकरणेहारे तथा क्रूर तथा नरोंविषेअधम तथा निरंतर अशुभकर्मोंकूं करणेहारे ऐसे तिन आसुरमाकृतिपुरुषोंकूं मैं परमेश्वर अत्यन्त क्रूर व्याघ्रसर्पादिक योनियोंविषे ही गेरताहूं। (२) श्रवणंनामाद्वैते ब्रह्मण्युपनिषदांतात्पर्यावधारणम्। मननं नाम युक्तिभिरनुचिन्तनम्। निदिध्यासनं नाम विजातीयप्रत्ययतिरस्कारेण सजातीयप्रत्ययप्रवाहीकरणम्॥

वहुर विलोकसु एहु वखानी। यह वैठी उपनिषत सुरानी॥
पुरुष विवेकसंग सुहाए। चलो नजीक सुदेहु सुनाए १८८
ऐसवखाननिकट वहुगयो। उपनिषतसमीप सुवाक अलयो
देवी विष्णुभक्ति है जोई। तादि वखान्यो सुनिये सोई १८९
संकल्पयोनि देवता सारी। यह नीकेम आप निहारी॥
उपनिषतसंगभां तूं अव भई। कंन्या तेउरमे निरमई॥१९०॥
और प्रवोधचन्द्र सुत जान। मेरो कह्यो सुसत्य पछान॥
क्रूरसुभावजु कन्या अहै। उपजी निखलसंवन्धी देह १९१
व्रह्मविद्या कन्या जोई। मनमें करो संचारण सोई॥
संकर्पणविद्याको उरधार। मनके उदर कन्या डार १९२॥
प्रवोधचन्द्र पूत पुन जोई। पुरुषसमर्पणकीजे सोई॥
विवेकसहित तूं मेरे पास। उपनिषत करो अव सहजनिवास

दोहा।

विष्णुभक्ति जोभाष्यो, सोईकरौं न और॥
योंकहि संग विवेकके, गई इकंत सुठौर॥ १९४॥
निदध्यासन तव पुरुषके, कीनो आन प्रवेश॥
धन्यो पुरुष उर ध्यान तव, जाकर हरे कलेश १९५॥
नेपथ्यमाहि प्रवेशकर, दोनो नयन मिलाइ॥
अद्भुतरूपध्याय उर, वोल्यो सहज सुभाइ॥ १९६॥

(१) संकल्पमात्रतेउत्पत्तिहै जिनोकी न मैथुनसें तथा चश्रुतिः—(ब्रह्म वा इदमग्र आसीत्) इहासें आरंभकरके (इदंसर्वमभवत्) ईहांपर्यंतसंकल्पप्रभवत्व दिखायाहै वृहदारण्यकमें इसप्रकारमे योगसामार्थ्यजन्यध्यानसे जान्या। (२) विवेककेसंकल्पसें। (३) जगत्का नाशक होनेते क्रूरसुभाववाली है। (४) आत्मसाक्षात्कार रूपा। (५) योगकर आकर्षणरूप। (६) निरतिशय ब्रह्मप्रकाशक॥

मन वक्षस्थल फोरके, कन्या भई प्रकास ॥
सहत समग्री मोहको, कीनो एक ग्रास ॥ १९७ ॥
तडता समदमकी महां, दिशको तिमर मिटाइ ॥
अंतरध्यानक्षणमें भई, ऐसोरूप दिखाइ ॥ १९८ ॥
यह प्रबोधशशि उपज्यो, ताको भ्रात विसाल ॥
सभाप्रवेश प्रबोध तव, कीनो वाहूंकाल ॥ १९९ ॥
कहांगयो किनभयो भव, लीनभयो ततकाल ॥
जाउपजेते भयो यों, सोमें बोध विसाल ॥ २०० ॥
परकरमदेपिखभाष्यो, यहहै पुरुष उदार ॥
चलों समीप सु याहिके, करों सुपाद जुहार ॥ २०१ ॥
जाइसमीप सुपुरुषके, भगवनमुखो उचार ॥
हौं प्रबोधउपनिपत सुत, वन्दो पाद तिहार ॥ २०२ ॥
पुरुष बिलोक आनंदउर, हेसुत परम अनूप ॥
मिलोसु मेरे अंकमें, कीजे शीतल रूप ॥ २०३ ॥
मिल्यो प्रबोध सुपुरुषको, शीतलचन्द उदार ॥
पुरुष अनंद सुहोय उर, लागो करन उचार ॥ २०४ ॥
अहो तिमर पट फाटियो, भयो प्रभात अनूप ॥
निखलकलेश विनाशया, पायो परम सरूप ॥ २०५ ॥
मोह अंधेरें विनाशकर, नींद विकल्प सुमार ॥
बोधशशि यह ऊपजो, जाकी प्रभा अपार ॥ २०६ ॥

सवैया।

आज परातम पूरन जो, वहि पूरन रूप सुदेत दिखाई ॥
बन्धन जो सभ दूरभये, रविसी उरअंतर ऊजलताई ॥

(१)-(संसारयन्त्रपगमा बोधः प्रातः क्षणो मतः) अर्थयहः—संसाररूपी रात्रीके जानेसे बोधही प्रातःक्षण मान्याहै। (२) अज्ञान। (३) भ्रमही निंदाहै ॥

आज कृतार्थभूरभये सुमिटी निजआतमकी कलखाई ॥
वोधकरे सभकाजसंपूरन, पूत सुपूतभये सुखदाई ॥ २०७ ॥

दोहा ।

श्रद्धा मति विवेक पुन, शांति यमादिक धार ॥
सर्वात्मप्रभविश्व जो, सोहम भए उदार ॥ २०८ ॥
हरिकी भक्तिप्रसादते, भए कृतार्थ रूप ॥
वन्धन सगल मिटाइया, पाए ज्ञान अनूप ॥ २०९ ॥
वैठ इकंत सुमोन गहि, मनकर कीनो ध्यान ॥
शांतिभयो भय शोकहन, भयो मोह सभहान ॥ २१० ॥
यांप्रवोधहित भवनतजि, भवें भवारण्यमाहिं ॥
ताकोपाइ सुमुनिभयो, मैं निजभवन सुमाहिं ॥ २११ ॥
विष्णुभक्ति आई तवै, उरमै हरप अपार ॥
आइ समीप सुपुरुपके, कीनो एहु उचार ॥ २१२ ॥
वहुतकालकर फले जग, मोहि मनोरथ आज ॥
शांतिअराति सुतवपिखों, भये सगल मम काज ॥ २१३
पुरुप कह्यो तव कृपाते, कोफल दुहकर आहि ॥
ऐसे मुखो अलाइकर, पर्‍यो सुचरननमाह ॥ २१४ ॥

दोहा ।

विष्णुभक्ति सुउठाय तिह, कीनो एहु उचार ॥
पूतकहो प्रयकाजकछु, पुन मैं करों तिहार ॥ २१५ ॥
पुरुप कह्यो अव याहिते, परे नप्यारे काज ॥
जीत अराति विवेकनृप, भयो कृतार्थ आज ॥ २१६ ॥

(१) श्रद्धा गुरुवेदवाक्ययोर्विश्वासः,–विवेकमतिर्नित्यानित्यवस्तुविवेकविषया–शान्तेर्देदार्शान्यम्–यमश्चित्तवृत्तिनिरोधः ॥

रुजविहीन आनंदपद, थाप्यो ताहि सुमोहि ॥
विष्णुभक्तिपदवन्दना, करेकाज सभ तोहि ॥ २१७ ॥

सवैया।

यद्यपि पूर्ण आहि मनोरथ तदपि मात सुएहु वरे ॥
रुचिके अनुसार करें वरपा, घनभूपति भूमिसुपालकरे ॥
तेंकरुणाकर लोक महात्म, आत्मको तम दूरहरें ॥
भवसागरधार विपे ममता, गहि वोधजहाजसु पार परें ॥२१८॥

दोहा।

प्रत्यक्तत्व निज आत्मा, कीरति वरमाभूप ॥
मनोवृत्ति सभनाटकै, कोविदलखैं अनूप ॥ २१९॥

सवैया।

यह नाटकहे रसुभूपतिके उरमाहि सुभाऽसुभ ज्ञानभयो ॥
तजिया जगमाहि कुपंथ वडो शुभपंथ महीपति चीतलयो ॥
विसमाय रह्यो उरभीतर सो सुशिल्पनको वहु दानदयो ॥
वहुनाटकहैं भवमंडलमें नरनाहनको यह नाटनयो ॥२२० ॥

दोहा।

कहनेको यह नाटहे, दरपन अहै अचार ॥
पावै पावन मोक्षको, कीने याहि विचार ॥ २२१ ॥
गौरी जननी लोकमें, राया जनक महान ॥
गुलावसिंह सुत ताहिके, नाटक कीन वखान ॥२२२ ॥
कीरति पूरनलोकमै, पूरण परमानंद ॥
पूरन पददातारप्रभु, वन्दो श्रीरघुनंद ॥ २२३ ॥

(१) अन्तः करणमें जो अज्ञान ॥